Commissioner's Message

प्रिय साथियों ,

आप सभी के सतत प्रयासों से स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है । शिक्षण व अधिगम में नवाचार व प्रयोगों के साथ अध्यतनता एवम निरंतरता इस संस्था की विशेषता है ।

इसी के साथ हमें आने वाले समय की चुनौतियों के लिए भी अपने आप को तैयार करना है और यह तभी संभव है जब हम सब एक टीम की तरह, हर स्तर पर पूरी ईमानदारी व कर्मठता से अपने दायित्यों का निर्वहन करें ।

हमें अपनी व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण अंग ‘ विद्यार्थी ’ को जीवन की परीक्षा हेतु तैयार करना है ताकि वह एक शिक्षित नागरिक होने के साथ-साथ एक जिम्मेदार व्यक्ति भी बने जो राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका अदा कर सकें ।

वर्ष 2021 में होने वाली PISA की परीक्षा के लिए हमें विद्यार्थियों में गहन रचनात्मक सोच के साथ- साथ उस कौशल का विकास भी करना है जिससे हमारे विद्यार्थी समस्या के समाधान को खोजने की सहज क्षमता को प्राप्त कर सकें । इस हेतु शिक्षण -अधिगम की प्रक्रिया में निरंतर सुधार की आवश्यकता है ।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सबके कठिन परिश्रम, ईमानदार व समग्रता से किए गए प्रयासों से हम केंद्रीय विद्यालय संगठन को एक विश्व - स्तरीय संस्था बनाने के प्रयास में अवश्य सफल होंगें ।

शुभ कामनाओं के साथ,

(संतोष कुमार मल्ल)

आयुक्त